भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1685
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मुक्त आकाश समझौता

1685. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः

श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेलः

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) :

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन देशों का ब्यौरा क्या है जिनके साथ भारत ने वर्ष 2017 से मुक्त आकाश समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं; और
(ख) उक्त समझौतों के परिणामस्वरूप नागर विमानन उद्योग में क्या प्रमुख उपलब्धियां अथवा प्रगति हुई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): वर्ष 2017 से, भारत ने बोत्सवाना, जापान, माल्टा, मोरक्को, नीदरलैंड, स्विटजरलैंड, तंजानिया, जाम्बिया, ऑस्ट्रेलिया, मालदीव, कनाडा और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त आकाश समझौते किए हैं। वर्ष 2017 की ग्रीष्मकालीन अनुसूची के दौरान भारत और इन देशों के बीच प्रति सप्ताह लगभग 94 सेवाएँ संचालित हो रही थीं। आज की तारीख में यह संख्या बढ़कर प्रति सप्ताह 152 सेवाएँ हो गई है।

*****